राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 477

16 सितंबर, 2020 को उत्तर के लिए

आंध्र प्रदेश में नई इस्पात इकाइयों को खोलने हेतु की गई पहल

477. श्री टी.जी. वेंकटेश:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मंत्रालय ने रोजगार सृजन के नए अवसरों को उपलब्ध कराने के लिए विगत एक वर्ष में आंध्र प्रदेश राज्य में कोई कौशल विकास और उद्यमिता कार्यक्रम शुरू किए हैं, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या मंत्रालय ने नवगठित आंध्र प्रदेश राज्य में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार का सृजन करने के लिए कोई इस्पात इकाइयाँ स्थापित करने की योजना बनाई है?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क): इस्पात मंत्रालय के अधीन एक सीपीएसई, राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) द्वारा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व और निगमित पर्यावरण उत्तरदायित्व के भागस्वरूप कौशल विकास/व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विगत एक वर्ष के दौरान आंध्र प्रदेश राज्य में 887 व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया गया है।

(ख): जी नहीं। चूंकि इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है, इसलिए, निजी या सार्वजनिक क्षेत्र में इस्पात इकाइयों की स्थापना करने से संबंधित निर्णय अलग-अलग इस्पात उत्पादकों द्वारा वाणिज्यिक सोच-विचार और बाजार के समीकरणों के आधार पर लिए जाते हैं।

****